राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

### हरदोई में डॉ. कृष्ण गोपाल गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। ग्रामीण पत्रकारिता के सशक्त स्वर और संगठनात्मक मजबूती के प्रतीक डॉ. कृष्ण गोपाल गुप्ता का भव्य स्वागत समारोह हरदोई में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। डॉ. गुप्ता एक बार पुनः ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री पद पर निर्वाचित होकर लौटे हैं। इस अवसर पर पत्रकारों ने उन्हें सम्मानित कर उनके नेतृत्व और संगठन के प्रति योगदान को सराहा। यह गरिमामयी आयोजन मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ, जिसमें जनपद भर से बड़ी संख्या में पत्रकार साथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने की।

वर्ष – 03 | अंक – 240 | जौनपुर | रविवार, 20 अप्रैल 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

# यूपी में अब सिर्फ विकास की चर्चा होती - सीएम योगी

गोरखपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर के विकास को और ऊंचाई देते हुए करीब 1500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने रोड कनेक्टिविटी, सीवरेज, चिकित्सा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों से जुड़ी 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मानबेला मैदान में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले समाज को जाति, मत, मजहब के नाम पर बांटने वाली ताकतों ने यूपी का विकास करने की बजाय खुद का और परिवार का विकास किया। परिवार तक सिमटी ये ताकतें समाज को बांटने के लिए दंगा कराती थीं। डबल इंजन सरकार आने के साथ यूपी आठ साल से माफियामुक्त, गुंडामुक्त और दंगामुक्त हो चुका है। यूपी की चर्चा अब सिर्फ विकास के लिए होती है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता है। जो विकास नहीं करा पाते, वे जाति, मत, भाषा, क्षेत्र, मजहब के नाम पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न भिन्न कर समाज के सौहार्द को बिगाड़ने का काम करते हैं। मौका मिलने पर ऐसे लोग स्वयं और अपने परिवार के विकास के लिए कार्य करते हैं, जनता की भलाई के लिए कोई प्रयास नहीं



करते हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों को 2014 के पूर्व के भारत और 2017 के पूर्व के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि तब भारत भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था, नौजवान किंकर्तव्यविमूढ़ थे। देश की सुरक्षा के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद की चुनौती थी। दस वर्षों से आप सबने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत को भी देखा है। नया भारत विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को पूरा करते हुए, विरासत और विकास का समन्वय स्थापित करते हुए नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है।

**सुरक्षा की गारंटी में नई आभा बिखेर रहा उत्तर प्रदेश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी भी नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में अपनी आभा बिखेर रहा है। आठ वर्षों में बदलते परिवेश और परिवर्तन को सभी लोगों ने देखा है। यहां अन्नदाता किसानों को सम्मान मिल रहा है। यहां नारी गरिमा और सुरक्षा की गारंटी है। व्यापारियों को सुरक्षा की गारंटी और नौजवानों को रोजगार की गारंटी है। यहां के हर जिले का विकास देखकर लोग वाह वाह कहते हैं। नई पहचान बना रहे उत्तर प्रदेश में व्यापारी बिना भय के कारोबार करते हैं। नए–नए उद्यम लग रहे हैं तो बड़ी संख्या में रोजगार भी मिल रहा है। बहन और बेटियां बिना भय के स्कूल–कॉलेज और बाजार जा रही हैं

**आज का यूपी ओडीओपी और ओडीएमसी पर करता है काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में मुसहर भुखमरी से मरते थे तो बुंदेलखंड में किसान आत्महत्या को मजबूर होते थे। परिस्थितियों में परिवर्तन करने की बजाय तबकी सरकारों ने समाज को जाति, क्षेत्र, मजहब के नाम पर बांटने और दंगा कराने का काम किया। दंगा कराने के बाद दोनों समुदायों से अलग अलग मिलकर उनका हितैषी बनने का दिखावा किया। उन्होंने कहा कि आज आठ साल से यूपी में दंगा नहीं, बिना भेदभाव विकास हो रहा है। आज का यूपी माफिया, गुंडा, दंगा से मुक्त होकर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज) पर काम करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सक्षम बनाने के लिए दो करोड़ स्मार्टफोन–टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। स्थानीय कारीगरों और शिल्पियों के लिए ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलाई जा रही है। स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे सऊदी अरब

नई दिल्ली, एजेंसी। पीएम नरेन्द्र मोदी मंगलवार से सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा ऊर्जा, व्यापार एवं रक्षा समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी। मोदी और सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के बीच वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भारत–सऊदी अरब ऊर्जा सहयोग को रणनीतिक आयाम देने का प्रयास किया जाएगा।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल करेंगे मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज के दंगा प्रभावित क्षेत्रों का आज दौरा कर स्थिति की समीक्षा करेंगे तथा प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद बोस जिले के धुलियान, सुती और जंगीपुर में हिंसा प्रभावित अन्य इलाकों का दौरा करेंगे। इन मुस्लिम बहुल इलाकों में 8–12 अप्रैल को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान भड़की हिंसा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। इसके बाद इस सिलसिले में 274 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### नवीन पटनायक 9वीं बार चुने गए बीजेडी के अध्यक्ष

ओडिशा, एजेंसी। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को 9वीं बार बीजू जनता दल (बीजेडी) का अध्यक्ष चुना गया है। बीजेडी (एसआरओ) के राज्य रिटर्निंग ऑफिसर ने नवीन पटनायक को 9वीं बार निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। दरअसल, गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राज्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप देब की मौजूदगी में नवीन पटनायक ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। शनिवार को भुवनेश्वर स्थित पार्टी मुख्यालय शंख भवन में नवीन पटनायक के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गई। साल 1997 में बीजेडी के गठन के बाद से ही नवीन पटनायक पार्टी की कमान संभाल रहे हैं। उन्हें ऐसे समय पर फिर से पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है, जब बीते साल हुए विधानसभा चुनाव में बीजेडी को हार का सामना करना पड़ा। 24 साल में पहली बार बीजेडी विपक्ष की भूमिका निभा रही है। हमारे नेता ने एक बार फिर पार्टी की कमान संभाली है।

# अमेरिका और पेरू की यात्रा पर जाएंगी केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को अमेरिका और पेरू की यात्रा पर रवाना होंगी। अमेरिका प्रवास के दौरान वह वाशिंगटन डीसी में आईएमएफ –विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों में भी शामिल होंगी। उनके अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की भी उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अपने अमेरिका प्रवास के पहले चरण में निर्मला सीतारमण 20 अप्रैल को सैन फ्रांसिस्को पहुंचेंगी। दूसरे चरण में वह 22 से 25 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होंगी। सैन फ्रांसिस्को में वह स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन में शविकसित भारत 2047 की नींव रखना विषय पर बोलेंगी। इसके बाद, एक फायरसाइड चौट सत्र में हिस्सा लेंगी। वित्त मंत्री निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ वार्ता करेंगी। इसके अलावा, वह सैन फ्रांसिस्को में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की शीर्ष कंपनियों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। वह सैन फ्रांसिस्को में भारतीय मूल के लोगों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में वहां बसे भारतीय समुदाय के लोगों से भी बात करेंगी। मंत्रालय ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में निर्मला सीतारमण का कार्यक्रम काफी व्यस्त होगा। वह आईएमएफ– विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों में शामिल होने के अलावा जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की दूसरी बैठक, डेवलपमेंट कमेटी की आम बैठक, आईएसएफसी प्लेनरी और वैश्विक सरकारी ऋण पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन में भी शिरकत करेंगी।

ग्रीष्मकालीन बैठकों से इतर, वह अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, ब्रिटेन और अमेरिका सहित कई देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। इसके अलावा, वह वित्तीय सेवाओं के लिए यूरोपीय संघ के आयुक्तय एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्षय एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के अध्यक्षय वित्तीय स्वास्थ्य के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष अधिवक्ता (यूएनएसजीएसए) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रथम उप प्रबंध निदेशक से भी मुलाकात करेंगी। वित्त मंत्री 26–30 अप्रैल तक पेरू की अपनी पहली यात्रा के दौरान मंत्रालय के अधिकारियों और व्यापार जगत के दिग्गजों के एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी, जो दोनों देशों के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों पर प्रकाश डालेगा। राजधानी लीमा में वह पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ट और प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन से मुलाकात करेंगी। इसके अलावा, वह पेरू के वित्त एवं अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी और स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ बातचीत भी करेंगी।

वित्त मंत्री भारत–पेरू व्यापार मंच की बैठक की अध्यक्षता करेंगी, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यापार प्रतिनिधि शामिल होंगे।

वह पेरू में वर्तमान में काम कर रहे भारतीय निवेशकों और व्यवसायों के साथ–साथ पेरू का दौरा करने वाले भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बातचीत करेंगी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, वित्त मंत्री लीमा में एक सामुदायिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी, जहां वह पेरू में रहने वाले भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगी।

# संगठन का विस्तार करने में जुटीं मायावती

लखनऊ, एजेंसी। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को राष्ट्रीय जनगणना, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और भाषा नीति जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के बीच चल रहे विवादों की कड़ी आलोचना की। मायावती ने एक्स पर लिखा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बीएसपी संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा व आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा–निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प। मायावती ने आगे लिखा कि जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के इन राज्यों व केन्द्र के बीच विवाद के राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग से जन व देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक। गुड गवरनेन्स वही जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। सरकार इस बात का जरूर ध्यान रखे। भाषा के प्रति नफरत अनुचित है। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) अभियान की आड़ में राजनीतिक लाभ के लिए दलितों का शोषण करने का आरोप लगाया। बसपा नेता ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, "विदित है।

# दिल्ली सरकार सिर्फ कार्रवाई का दिखावा कर रही है - सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने रेखा गुप्ता की सरकार पर आरोप लगाया है कि वह निजी स्कूलों की मनमानी और बच्चों को दी जा रही प्रताड़ना के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और सिर्फ कार्रवाई का दिखावा कर रही है। सौरभ भारद्वाज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मामला 20 मार्च से शुरू हुआ, जब दिल्ली के विभिन्न निजी स्कूलों ने अचानक और बेतरतीब तरीके से फीस में भारी बढ़ोतरी कर दी। द्वारका स्थित डीपीएस स्कूल में तो बच्चों को सिर्फ इसलिए कक्षा में नहीं बैठने दिया गया क्योंकि उनके माता–पिता ने बढ़ी हुई फीस का भुगतान नहीं किया था। बच्चों को लाइब्रेरी में बैठाकर मानसिक रूप




से प्रताड़ित किया गया और यहां तक कि टॉयलेट जाने पर भी रोका गया।

उन्होंने बताया कि इस अन्याय के खिलाफ दिल्ली भर के माता–पिता धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं और शिक्षा विभाग तथा मुख्यमंत्री तक को शिकायतें की गई हैं, लेकिन कहीं से कोई सहायता नहीं मिली। नतीजतन, अभिभावकों को मजबूरी में हाई कोर्ट का रुख करना पड़ा। श्आपश ने जब इस मामले को उठाया, तब जाकर दिल्ली सरकार ने आनन–फानन में डीएम की अगुवाई में एक जांच कमेटी का गठन किया। गत 3 अप्रैल को डीएम ने डीपीएस द्वारका का निरीक्षण किया, जिसमें बच्चों को लाइब्रेरी में बैठाकर प्रताड़ित करने की पुष्टि हुई। हालांकि, हाई कोर्ट में प्रस्तुत रिपोर्ट में फीस वृद्धि से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी गई। हाई कोर्ट की सुनवाई का जिक्र करते हुए भारद्वाज ने कहा कि अदालत ने दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए पूछा कि जब डीएम ने प्रताड़ना की पुष्टि की तो प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं हुई और कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। सरकार की ओर से सिर्फ श्कारण बताओ नोटिसश जारी किया गया जो केवल समय खींचने की कोशिश है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने दावा किया कि 650 स्कूलों का ऑडिट हो चुका है, जबकि हकीकत यह है कि अभी तक ऑडिटर तक नियुक्त नहीं किए गए हैं।

# पीएम से मिले हिमंत बिस्वा सरमा

असम, एजेंसी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें संगीत के क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया। अपने आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री के साथ 20 मिनट की बैठक में मुख्यमंत्री सरमा ने मोदी को असम बायो–इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन करने और 5,700 करोड़ रुपये की गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना और दरंग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की आधारशिला रखने के लिए भी आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने आगामी 8 सितंबर को आयोजित होने वाले इन समारोहों में मुख्य अतिथि बनने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने



प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया। सरमा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज नयी दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में एक साल तक चलने वाले समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उन्हें असम आमंत्रित किया।' उन्होंने बताया कि हजारिका की जन्म शताब्दी वर्ष में पूरे भारत में कार्यक्रम के आयोजन और स्मारक सिक्का जारी करने आदि की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैंने असम जैव–इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन करने का भी उनसे अनुरोध किया।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या की खड़गे ने की निंदा, केंद्र सरकार पर साधा निशाना



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों, खासकर हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की। उनका यह बयान बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की नृशंस हत्या के बाद आया। खड़गे ने इस मामले में मोदी सरकार की कूटनीति पर भी निशाना साधा। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खड़गे ने कहा, बांग्लादेश में लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हमारे हिंदू भाई–बहनों पर अत्याचार हो रहा है। हिंदू समुदाय के एक बड़े नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूरतापूर्ण हत्या इस बात का सबूत है कि नरेंद्र मोदी की बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के साथ मुस्कुराने वाली बैठक नाकाम रही। कांग्रेस अध्यक्ष ने पोस्ट में लिखा, संसद में दिए गए भारत सरकार के उत्तर के अनुसार, इससे पहले दो महीनों में ही हिंदुओं पर 76 हमले हुए, जिसमें 23 हिंदू मारे गए। अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर भी हमले जारी हैं।

उन्होंने कहा, ष्हाल ही में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में एक बेहद निंदनीय और निराशाजनक टिप्पणी की थी। खड़गे ने कहा, बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, मानवाधिकार हनन और 1971 के मुक्ति संग्राम की स्मृतियों करने का प्रयास किया जा रहा है जो भारत व बांग्लादेश के रिश्तों को कमजोर करने की कोशिश है।

# हमारे आदर्श इस्लाम विरोधी या मुस्लिम विरोधी बिलकुल नहीं - राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन राजनीतिक दलों की आलोचना की जो बाबर, तैमूर, औरंगजेब और गजनवी जैसे ऐतिहासिक पात्रों की प्रशंसा करते हैं, जिन्हें अक्सर भारत में आक्रमणों से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से ऐसी प्रशंसा की उम्मीद की जाती है, लेकिन जब यह भारत के भीतर से आती है तो इस पर सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान में बाबर, तैमूर, औरंगजेब और गजनवी की तारीफ की जाती है तो यह समझ में आता है क्योंकि उनकी नीति और राजनीति दोनों ही भारत विरोधी हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) जो भी मिसाइलें बनाई हैं, उनका नाम बाबर, गजनवी जैसे आक्रमणकारियों के नाम पर रखा है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हम पाकिस्तान के भारत विरोधी रुख को समझते हैं लेकिन इन लोगों की क्या मजबूरी है? क्या उन्हें लगता है कि बाबर, तैमूर, औरंगजेब, गजनवी का समर्थन करके उन्हें मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिल जाएगा?



ऐसा करके वे देश के मुस्लिम समुदाय का भी अपमान कर रहे हैं। सिंह ने छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेते हुए भारत के समावेशी चरित्र पर जोर दिया, जिन्होंने धर्म की परवाह किए बिना सभी के लिए एकता और कल्याण को बढ़ावा दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे आदर्श इस्लाम विरोधी या मुस्लिम विरोधी बिलकुल नहीं थे। हकीम खान सूरी ने मुगलों के खिलाफ हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप के साथ लड़ाई लड़ी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में मुस्लिम समुदाय के लोग भी थे। छत्रपति शिवाजी महाराज के अंगरक्षकों में सबसे भरोसेमंद व्यक्ति मदारी नाम का एक मुस्लिम युवक था। ऐसे महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे नायक हैं। उन्होंने कहा कि हम धर्म की राजनीति नहीं करते। हमारे लिए सभी भारतीय समान हैं। जिन्होंने कभी धर्म के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने हमेशा राम–राज्य के आदर्शों के साथ लोगों के कल्याण के लिए काम किया है। रक्षा मंत्री ने कहा, ये तथाकथित धर्म निरपेक्षता वादी दारा शिकोह के बारे में बात नहीं करते, इसी तरह, वे आदिल शाह के बारे में भी बात नहीं करते। आदिल शाह के कई आदेश देवी सरस्वती की पूजा से शुरू होते हैं।

# संपादकीय

## शून्यता का प्रकाश

मनुष्य का अस्तित्व एक गूढ़ रहस्य है, जिसे समझने का प्रयास उसने युगों से किया है। हम जितना इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करते हैं, उतना ही यह और गहरा होता जाता है । हमारे भीतर एक असीम शून्यता है, जिसे हम अक्सर डर के रूप में देखते हैं, लेकिन वास्तव में यही शून्यता हमारे होने की पहचान है। जब हम स्वयं को किसी भी विशेषता, किसी भी पहचान से मुक्त कर देते हैं, तभी हम अपने वास्तविक स्वरूप में आते हैं। यह विचार सुनने में विरोधाभासी लगता है, लेकिन यही जीवन का सबसे मौलिक सत्य है– कुछ भी नहीं होना, वास्तव में कुछ होना है। चीजों से जोड़ते हैं, तो हम अनजाने में स्वयं को सीमाओं में बांध लेते हैं । हम यह मान लेते हैं कि हमारी पहचान हमारे नाम, पद, रिश्तों, उपलब्धियों और भौतिक वस्तुओं में निहित है। मगर जब हम इन सबसे मुक्त होकर स्वयं को देखते हैं, तो हमें अनुभव होता है कि हम केवल बाहरी पहचान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हम अनंत हैं। हमारे भीतर एक व्यापक आकाश है, जो हर सीमा से परे है। यह आकाश तभी प्रकट होता है, जब हम अपने मन को समस्त पूर्वाग्रहों, आकांक्षाओं और अहंकार से रिक्त कर देते हैं। यह शून्यता कोई अभाव नहीं, बल्कि अनंत संभावनाओं से भरी हुई अवस्था है। योग और ध्यान की विधियां इसी ओर इशारा करती हैं– मन को शून्य बनाओ, विचारों के भार मुक्त हो जाओ और तब तुम अपने वास्तविक स्वरूप को जान पाओगे । बौद्ध धर्म में श्शून्यवादश की अवधारणा भी इसी ओर संकेत करती है कि जब तक मनुष्य स्वयं को कुछ मान कर चल रहा है, तब तक वह बंधनों में है, लेकिन जब वह स्वयं को श्कुछ भी नहींश मानता, तब ही वह सच्ची मुक्ति प्राप्त करता है। इसका तात्पर्य यह नहीं कि व्यक्ति का अस्तित्व समाप्त हो जाता है, बल्कि वह सीमित मैं से निकल कर असीमित हम में परिवर्तित हो जाता है। वह पहले शून्यता में ही विद्यमान होता है। जब कोई कलाकार एक नई रचना करता है, तो वह पहले अपनी चेतना को विचारों की भीड़ से मुक्त करता है। जब कोई कवि कविता लिखता है, तो वह पहले स्वयं को शब्दों के बोझ से खाली करता। जब कोई ऋषि ध्यान में बैठता है, तो वह पहले अपने मन को समस्त विचारों से मुक्त करता है । यह शून्यता ही निर्माण की पहली अवस्था है। अगर हमारा मन पहले से ही विचारों और धारणाओं से भरा होगा, तो उसमें कोई नया विचार जन्म नहीं ले सकता। इसलिए, श्कुछ नहीं होनाश सृजन का पहला चरण है। यह विचार केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर भी लागू होता है। जब समाज स्वयं को एक निश्चित पहचान में सीमित कर लेता है, तो वह संकीर्णता में फंस जाता है। जब कोई राष्ट्र स्वयं को किसी विशेष संस्कृति या परंपरा तक सीमित कर लेता है, तो वह अपनी व्यापकता को खो देता है। इसी कारण महान सभ्यताएं तब तक फली फूलीं, जब तक वे बाहरी प्रभावों के लिए खुली रहीं, लेकिन जैसे ही वे अपने को पूर्ण मानने लगीं, वैसे ही उनका पतन शुरू हो गया। इतिहास गवाह है कि जो भी समाज स्वयं को श्कुछश मान कर चलता है, वह स्थिर हो जाता है और धीरे – धीरे समाप्त हो जाता है। मगर जो समाज स्वयं को कुछ नहीं मान कर परिवर्तनशील रहता है, वही अनंत काल तक जीवित रहता है। व्यक्तिगत जीवन में भी यह नियम लागू होता है।

# महंगी होती शिक्षा, सरकार की चुप्पी शिक्षा का बढ़ता बाजारीकरण

आदित्य

बचपन अतुलित आनंद यानी चंचलता और हंसने–हंसाने का नाम है। कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा है, 'चिंता रहित खेलना, खाना और निर्भय स्वच्छंद फिरना..! कैसे भूला जा सकता है बचपन का अतुलित आनंद।' इसलिए बचपन का स्वागत उत्साह एवं भावनाओं से हो। बच्चों के पाठ्यक्रम की चर्चा की जाए तो वह मनोरंजन, यानी हंसने–हंसाने के साथ अधिगम (समझ) हासिल करने वाला होना चाहिए। बरसों से यह बात सुर्खियों में रहती आई है कि गैरसरकारी और निजी स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों की पढ़ाई के निमित्त मोटी फीस वसूली जाती है। पाठ्यक्रम के नाम पर भारी–भरकम पुस्तकें बचपन पर थोपी जा रही है। अभिभावकों पर परोक्ष, तो कहीं–कहीं प्रत्यक्ष दबाव बनाया जाता है। शिक्षा खुलेआम बेची जा रही है और वह भी ऊंचे दामों पर। अभिभावक मजबूरी में खरीद रहे है। बच्चों की शिक्षा के नाम पर ऊंचे दाम पर शिक्षा बिकती है, मोटी रकम वसूली जा रही होती है, ऐसे में संबंधित प्रदेश और देश की सरकार का दायित्व उसे संभालने का होना चाहिए। आए दिन ऐसी खबरें प्रमुखता से छपती हैं कि निजी स्कूल ऊंचे दामों की किताबें और मोटी रकम फीस के तौर पर अभिभावकों से मांग कर रहे हैं। चाहे बच्चों का हो या ऊंची कक्षाओं में एकरूपता होनी चाहिए। कहने का आशय यह है कि सरकारी स्कूलों के लिए पाठ्यक्रम कुछ और हो, गैर सरकारी निजी स्कूलों के लिए कुछ और। जबकि इसमें एकरूपता परम आवश्यक है। पिछले दिनों मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने इस पर सख्ती दिखाई थी। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद निजी विद्यालय द्वारा फीस वृद्धि नियंत्रित करने के लिए अनुशंसाएं करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। तब राज्य सरकार द्वारा राजस्थान विद्यालय (फीस का विनिमेय) अधिनियम, 2016 एवं नियम 2017 निर्धारित कर लागू किए गए। इस अधिनियम में प्रत्येक विद्यालय में माता–पिता अध्यापक संगम की स्थापना करने और इस संगम की देखरेख में विद्यालय स्तरीय फीस समिति का गठन करने का प्रावधान किया गया है। हालांकि निजी विद्यालय इस समिति के जरिए फीस वृद्धि करते हैं, लेकिन शासन और विभागीय अधिकारियों के स्तर से सूक्ष्म निगरानी और नियंत्रण नहीं होने के कारण इन समितियों के नाम पर विद्यालय द्वारा लीपापोती कर शुल्क वृद्धि कर लेने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नियम और व्यवस्था के नाम पर महज लीपापोती न होकर आवश्यकता इस बात की है कि शासन का प्रत्येक स्तर पर 'फ्रेंड फिलास्फर गाइड' यानी मित्र–दार्शनिक सिद्धांत के अनुसार विद्यालयों पर प्रभावी नियंत्रण हो। ऐसे वातावरण के निर्माण की आवश्यकता है, जिसमें विद्यालय शिक्षा का कार्य एक पुनीत, सामाजिक दायित्व और अपना स्वयं का कार्य मानकर पूर्ण प्रतिबद्धता तथा ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। वर्तमान में इस सिद्धांत के अनुसार काम कम ही हो रहा लगता है। ऐसा लगता है कि निजी स्कूलों को अपना पाठ्यक्रम निर्धारण करने और मनमानी फीस वसूलने का अधिकार दे दिया गया है। शिक्षा का सार्वजनिकीकरण और निजी क्षेत्र की भागीदारी जरूरी हो सकती है, लेकिन बच्चों को क्या परोसा जा रहा है, उसकी पड़ताल सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए। वर्तमान में निजी क्षेत्र को सहायक सामग्री के रूप में पाठ्यक्रम लागू करने और बोर्ड के अतिरिक्त सभी तरीके के परीक्षा–पत्र अपने स्तर पर तैयार करने का अधिकार देने से शिक्षा की एकरूपता समाप्त हो रही है, वहीं शिक्षा बेलगाम तरीके से महंगी और बाजार आधारित होती जा रही है। राज्य और केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ–साथ हर विषय के साथ एक सहायक सामग्री की पुस्तक लगाने की छूट देना शिक्षा को महंगी करने की राह तैयार करेगा। जिस प्रकार वस्तुओं के मूल्य निर्धारण का अधिकार सरकार ने अपने पास नहीं रखा, ठीक उसी प्रकार शिक्षा तंत्र की फीस और पाठ्यक्रम निर्धारण का कार्य सरकार ने बाजार के हवाले कर दिया। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जिस प्रकार केंद्रीय और राज्य बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू होता है, ऐसे में पाठ्यक्रम और परीक्षा–पत्रों की समानता बनी रहती है। नई शिक्षा नीति में बोर्ड की अवधारणा तो लगभग समाप्त किया जाना है, जिसके परिणाम भविष्य के गर्भ में हैं। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए कि निजी शिक्षण संस्थानों का पाठ्यक्रम सरकारी पाठ्यक्रम से अलहदा न हो। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक पाठ्यक्रम निर्धारण सरकार को करना चाहिए और सहायक शिक्षण सामग्री की छूट पर पाबंदी लगाना चाहिए। इससे निजी शिक्षण संस्थाओं के बेजा पाठ्यक्रम पर लगाम लगेगी। अभिभावकों पर पाठ्यक्रम के नाम पर महंगी किताबों पर अपने आप ही अंकुश लगेगा। उच्च पेशेवर शिक्षा में चिकित्सा, इंजीनियरिंग का एक ही पाठ्यक्रम होता है, एक ही परीक्षा होती है और उसकी फीस भी सरकार निर्धारित करती है। इसी प्रकार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी एक पाठ्यक्रम और एक फीस का निर्धारण सरकारी स्तर पर किया जाना चाहिए।

# ट्रम्प के अमेरिका में विज्ञान पर युद्ध

विनोद

एक सदी पहले, थॉमस एडिसन, अलेक्जेंडर ग्राहम बेल और राइट ब्रदर्स जैसे लोगों द्वारा किए गए अभूतपूर्व नवाचारों के बावजूद, अमेरिका बुनियादी विज्ञान में वैश्विक नेता नहीं था। उस समय, यूरोप – विशेष रूप से जर्मनी – मौलिक वैज्ञानिक प्रगति पर हावी था। हालाँकि, 1930 के दशक में नाजीवाद के उदय ने, नस्लीय और जातीय शुद्धता की अपनी जहरीली विचारधारा के साथ, जर्मनी के कई प्रमुख वैज्ञानिकों को खतरे में डाल दिया। इस उत्पीड़न ने कई विद्वानों को अमेरिका भागने के लिए मजबूर किया, जिसने उनका खुले हाथों से स्वागत किया। एक पहाड़ी पर चमकता हुआ शहर – अमेरिकी असाधारणता को समेटने के लिए रोनाल्ड रीगन द्वारा 1989 के अपने विदाई भाषण में प्रचलित की गई पंक्ति – अंततः बाइबिल से प्रेरणा लेती है, जहाँ यीशु अपने अनुयायियों से कहते हैं, तुम दुनिया की रोशनी हो। एक पहाड़ी पर बसा शहर छिप नहीं सकता। लेकिन अपनी धार्मिकता के साथ–साथ, अमेरिका के संस्थापक पिता – जिनमें से सभी धर्मनिष्ठ ईसाई नहीं थे – विचार, अभिव्यक्ति और धार्मिक बहुलवाद की स्वतंत्रता जैसे ज्ञानोदय के आदर्शों से गहराई से प्रभावित थे। मूल्यों के इस संलयन ने एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण किया जिसके संविधान और संस्थानों ने एक उन्मुक्त शैक्षणिक संस्कृति के लिए उपजाऊ जमीन तैयार की। इस तरह के माहौल ने एक मजबूत बुनियादी विज्ञान अनुसंधान की नींव रखी। अमेरिकी विज्ञान के उदय को 1930 के दशक में सत्तावादी शासन से भागने वाले अप्रवासियों और बाद में अवसर की तलाश में आने वाले लोगों ने गति दी। भारत और चीन की प्रतिभाओं सहित इन व्यक्तियों ने 1960 के दशक के अमेरिकी शिक्षा जगत में बौद्धिक स्वतंत्रता और संस्थागत उदारता का एक दुर्लभ संयोजन पाया।यह 1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम द्वारा भी सुगम बनाया गया था, जिसने जाति, रंग, धर्म या राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव को गैरकानूनी घोषित कर दिया था। वैश्विक प्रतिभाओं के लिए रणनीतिक खुलापन परिवर्तनकारी साबित हुआ। बुनियादी विज्ञान में उपलब्धियों ने परमाणु और जीनोम को समझने से लेकर इंटरनेट और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम को विकसित करने से लेकर जीवन रक्षक चिकित्सा तक की बड़ी सफलताएँ हासिल कीं। अमेरिका दूसरों के लिए एक आदर्श बन गया। तकनीक की जीवनरेखा हमेशा से बुनियादी विज्ञान रही है – अनुप्रयुक्त विज्ञान के विपरीत प्राकृतिक दुनिया को समझना। 1989 में रीगन के शासन का अंत और अमेरिकी असाधारणता का लुत्फ उठाना सोवियत संघ के विघटन के साथ हुआ। यह लेखक, जो हाल ही में पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता के रूप में अमेरिका में एक विश्वविद्यालय में शामिल हुआ था, यूएसएसआर के अंत को चिह्नित करने वाले ध्वज को टेलीविजन पर देखना याद करता है। इसे नवउदारवाद और लोकतंत्र की जीत के रूप में देखा गया था। लेकिन रीगन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच अमेरिका में बहुत कुछ बदल गया है। ज्ञानोदय के सिद्धांतों से पीछे हटने के कारण, कुछ अमेरिकी अब यह भी मानते हैं कि देश एक ईसाई राष्ट्र है जो ईसाइयों द्वारा ईसाइयों के लिए बनाया गया है – कुछ हद तक 1930 के दशक में जर्मनी में उठाए गए राजनीतिक नारों की याद दिलाता है। पिछले कई वर्षों से नवउदारवादी लोकतांत्रिक व्यवस्था में दरारें बढ़ती जा रही हैं। इसने फ्रांसिस फुकुयामा को, जिन्होंने 1989 में द एंड ऑफ हिस्ट्री लिखी थी, अपने हालिया लेखन में उदार लोकतंत्र की संभावनाओं के बारे में अधिक संदेहपूर्ण बना दिया होगा। वर्तमान सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग का अधिकांश गुस्सा विज्ञान और शिक्षा पर पड़ा है। उनके शोध करियर का भविष्य फंडिंग में भारी कटौती, नौकरियों के नुकसान और वीजा रद्द होने से खतरे में है। नए प्रशासन ने विविधता, समानता और समावेश को अपनाने वाले कार्यक्रमों के लिए संघीय अनुदानों पर रोक लगाने की घोषणा की। इसने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा भुगतान की जाने वाली परियोजनाओं के लिए फंड में भारी कटौती की, जिससे ऐसे कार्यक्रमों की मेजबानी करने वाले कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के साधन प्रभावित हुए। यह आशंका है कि इससे अमेरिका से यूरोप और अन्य देशों में रिवर्स ब्रेन ड्रेन को बढ़ावा मिलेगा। नेचर द्वारा अमेरिकी शोधकर्ताओं के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 1,600 में से 1,200 से अधिक ने कहा कि वे देश छोड़ना चाहेंगे – जो कुल का लगभग 75 प्रतिशत है। स्नातकोत्तर छात्रों में से 700 उत्तरदाताओं में से 500 छात्र छोड़ना चाहते थे। जोखिमों को नोट किया क्योंकि ष्देश नीति निर्माण में वैज्ञानिक साक्ष्य को कम आंकना चाहता है और विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों और संग्रहालयों सहित अमेरिकी ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने वाली संरचनाओं पर हमला करना चाहता हैष। अमेरिकी संघीय एजेंसियाँ देश के बुनियादी विज्ञान अनुसंधान के 60 प्रतिशत को निधि देती हैं। NIH, जिसका बजट +48 बिलियन होने का अनुमान है, दुनिया में बायोमेडिकल अनुसंधान का सबसे बड़ा वित्तपोषक है, और नेशनल साइंस फाउंडेशन मौलिक विज्ञान और इंजीनियरिंग पर लगभग +9 बिलियन खर्च करता है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन को महत्वपूर्ण कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे इसका जलवायु विज्ञान अनुसंधान प्रभावित हो रहा है।

# .......... विविध ..........

## शादी के सात वचन कौन-कौन से होते हैं? भूल गए हैं तो पार्टनर संग दोहरा लें



हिंदू धर्म में शादी केवल एक परंपरा नहीं है जिसमें दो लोग वैवाहिक रिश्ते तक सीमित होते हैं, बल्कि विवाह पति–पत्नी के बीच सात जन्मों तक साथ निभाने का पवित्र बंधन है। विवाह की रस्मों में सात फेरे लिए जाते हैं, जो सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हर फेरे के साथ एक वचन लिया जाता है जो जीवन भर साथ निभाने का संकल्प होता है। इसे सात जन्मों के वचन भी कह सकते हैं। अगर पति–पत्नी इन वचनों को पूरी ईमानदारी से निभाएं, तो उनका रिश्ता और भी मजबूत और सुखमय बन सकता है। हालांकि शादी के सात वचन याद रखना मुश्किल होता है। आइए जानते हैं शादी के वह सात वचन जो हर दंपत्ति को याद रखने चाहिए।

पहला वचन

शादी के सात वचनों में पहला वचन वधू वर से चाहती है कि अगर आप कभी तीर्थ यात्रा पर जाएं तो मुझे भी अपने साथ लेकर जाएं। कोई व्रत–उपवास या फिर अन्य धार्मिक कार्य में मेरी सहभागिता हो।

दूसरा वचन

लड़की लड़के से शादी के दौरान ये वचन लेती है कि जिस प्रकार आप अपने माता पिता का सम्मान करते हैं, उसी प्रकार मेरे माता–पिता का भी सम्मान करेंगे।

तीसरा वचन

वधू वर से कहती है कि आप हर परिस्थिति में मेरा साथ दें, ध्यान रखें। लड़की चाहती है कि उनके पति युवा, प्रौढ़ और वृद्धावस्था यानी जीवन भर उनका ध्यान रखें और उनका पालन–पोषण करें।

चौथा वचन

शादी के चौथे वचन में परिवार और संतान के प्रति जिम्मेदारी को संभालने की वर से कामना करता है। कन्या वर से वचन लेती हैं कि अब तक आप घर–परिवार की चिंताओं से पूरी तरह से मुक्त थे लेकिन अब जब आप विवाह बंधन में बंधने में जा रहे हैं तो भविष्य में परिवार की सारी आवश्यकताओं को पूरा करने का दायित्व आपके कंधों पर होगा।

पांचवां वचन

कन्या अपने पांचवें वचन में वर से यह मांग करती है कि किसी भी काम और लेन–देन आदि में खर्च करते समय आप मुझसे सलाह जरूर करेंगे। चाहे जीवन में कोई भी स्थिति हो – सुख हो या दुख, अच्छे दिन हों या बुरे, दोनों एक–दूसरे का हमेशा साथ देंगे और किसी भी परिस्थिति में एक–दूसरे का त्याग नहीं करेंगे।

छठा वचन

वधु वर से विवाह मंडन के नीचे यह वचन लेती है कि अगर मैं अपनी सखियों या अन्य स्त्रियों के साथ बैठी हूं तो आप वहां सबके सामने किसी भी कारण से मेरा अपमान नहीं करेंगे। आप जुआ या अन्य किसी प्रकार के बुरे कर्मों से अपने आपको दूर रखेंगे।

सातवां वचन

विवाह के अंतिम वचन में लड़की अपने होने वाली पति से कहती है

कि आप दूसरी स्त्रियों को अपना माता के सामान समझेंगे और पति–पत्नी के रूप में हमारे प्रेम संबंध के बीच किसी अन्य स्त्री को भागीदार नहीं बनाएंगे।

## बच्चों के लिए घर पर तैयार करें आइसक्रीम

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में हर कोई ऐसी चीजों का सेवन करना चाहता है, जिसके सेवन से शरीर को ठंडक महसूस हों। इन चीजों में सबसे पहले आती है आइसक्रीम। बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक को आइसक्रीम का सेवन पसंद आता है। इस मौसम में बाजार में कई तरह के फ्लेवर वाली आइसक्रीम मिलती है, लेकिन बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम का ज्यादा सेवन नहीं किया जा सकता।

यदि आपको आइसक्रीम खाना पसंद है तो आप इसे घर पर भी तैयार कर सकते हैं। यहां हम आपको एक ऐसी आइसक्रीम बनाने की विधि बताने जा रहे हैं, जिसको बनाने में



चीनी और दूध की जरूरत भी नहीं पड़ती। इस वजह से ये आइसक्रीम काफी हेल्दी है। तो चलिए बिना देर किए आपको घर पर ही हेल्दी आइसक्रीम बनाने की विधि बताते हैं।

आइसक्रीम बनाने का सामान

पका हुआ आम

पका हुआ केला

खजूर

काजू

बादाम

पिस्ता

विधि

ऊपर दिए गए सामानों की मदद से आप बिना दूध और चीनी की आइसक्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको आम और केले को फ्रीज करना है। दोनों चीजों को फ्रीज करने से लिए आम और केले को टुकड़ों में काटकर एक कटोरे में रखें और फिर इस कटोरे को फ्रिजर में रख दें।

इसके बाद जब आइसक्रीम बनाने को तैयार हों, तो कम से कम 15 मिनट पहले खजूर को पानी में भिगो दें। इससे वो नरम हो जाते हैं। अब एक ब्लेंडर लेकर उसमें फ्रीज किए हुए केला, आम और भिगोकर रखे हुए खजूर डालें। खजूर के बीजों को निकाल लें। इसके बाद इसे तब तक ब्लेंड करें जब तक एकदम स्मूद और क्रीमी आइसक्रीम जैसा टेक्सचर न आ जाए। जब ये सही तरह से ब्लेंड हो जाए तो इसे निकालकर आइसक्रीम मोल्ड में डालें।

... एजेंसी

## डिनर करने का सही समय क्या है? 11 बजे के बाद भोजन करने के क्या नुकसान हैं



खान–पान की गड़बड़ी ने कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। भोजन के दो पहलू हैं– आप क्या खाते हैं और कब खाते हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी सेहत चाहते हैं तो हमेशा ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए जिससे शरीर के लिए आवश्यक अधिकतर पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। आहार की पौष्टिकता के साथ आप किस समय भोजन करते हैं इसका भी सेहत पर असर होता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ और पाचन क्रिया को बेहतर रखने के लिए भोजन का एक समय निर्धारित करें और रोजाना उसी समय पर ही भोजन करें। रात के भोजन को लेकर और भी सावधानी बरतना जरूरी है। आइए जानते हैं कि रात में खाने का सही समय क्या है? और देर में खाना खाने के क्या नुकसान हो सकते हैं?

रात में देर से भोजन करने के क्या नुकसान हैं?

हाल ही में किए गए अध्ययनों में शोधकर्ताओं ने पाया कि रात में देर से भोजन करने वाले लोगों में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम अधिक हो सकता है, इससे मोटापे का खतरा भी बढ़ जाता है। इसी तरह एंडोक्राइन सोसाइटी के जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के मुताबिक, देर से खाना खाने से वजन और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ सकता है।

देर से डिनर और वजन बढ़ने की समस्या

पहले अध्ययन में शोधकर्ताओं ने उन स्थितियों के बारे में जानने की कोशिश की जिनके कारण रात में देर से खाने से मोटापे का खतरा बढ़ सकता है। प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखक फ्रैंक ए जे एल स्कीर कहते हैं, देर से भोजन करने वाले लोगों में लेप्टिन और ग्रेलिन जैसे भूख को नियंत्रित करने वाले हार्मोन्स पर असर देखा गया। लेप्टिन हार्मोन जो पेट भरा होने का संकेत देता है, इसकी देर से भोजन करने वाले लोगों में विशेष कमी देखी गई। जो लोग रात 11 बजे के बाद भोजन करते हैं उनमें कैलोरी बर्न की गति भी कम देखी गई जिसके कारण वजन बढ़ने का खतरा भी अधिक देखा गया। भोजन करने के समय में बदलाव शरीर के सर्केडियन रिदम को प्रभावित कर देता है जिसके कारण इस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

डायबिटीज का भी हो सकता है खतरा

दूसरे अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि देर से खाना खाने से वजन और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ सकता है।

जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. जोनाथन सी. जेन कहते हैं अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि देर से खाना खाने वालों में रक्त शर्करा का स्तर अधिक और फैट बर्न की मात्रा कम होती है। यदि आप अपनी दिनचर्या को सामान्य सर्केडियन रिदम के साथ लेकर नहीं चलते हैं, तो शरीर में ग्लूकोज का उस तरह से मेटाबॉलिज्म नहीं हो पाता है जो शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। देर से डिनर करने से टाइप–2 डायबिटीज और इसके कारण होने वाली जटिलताओं का खतरा भी बढ़ जाता है। रात में सोने से 2–3 घंटे पहले डिनर करने से शरीर, इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम होता है।

अब सवाल उठता है कि फिर डिनर का सही समय क्या है?

अधिकांश विशेषज्ञों और शोध के अनुसार, रात का खाना सोने से कम से कम 2 से 3 घंटे पहले कर लेना चाहिए। अगर आप रात को 10 बजे सोते हैं, तो डिनर 7 से 8 बजे के बीच होना बेहतर माना जाता है। सोने से दो घंटे पहले खाना खाने से शरीर को भोजन को पचाने के लिए समय मिलता है। .

.. एजेंसी

